तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


अपने ही कमांडेंट को हटाने सैनिकों ने किया आंदोलन, आश्वासन के बाद लौटे काम पर

2



## खबर संक्षेप

### भोजपुरी समाज आज मनायेगा डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**चांपा।** भोजपुरी समाज की जांजगीर- चांपा जिला इकाई द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की 141वीं जयंती बुधवार 3 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे से लछनपुर केरा झरिया स्थित भोजपुरी समाज के भवन में मनायेगा। यह जानकारी देते हुए भोजपुरी समाज की जांजगीर-चांपा जिला इकाई के संस्थापक अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि बिहार के छपरा के एक छोटे से स्कूल से राष्ट्रपति भवन तक का सफर तय करने वाले डॉ. राजेंद्र प्रसाद की देश के सविंधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका थी। वे देश के भोजपुरी समाज के गौरव थे। उन्होंने जयंती समारोह में समाज के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### विधानसभा सत्र : अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र सोमवार 14 दिसम्बर से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर जांजगीर-चांपा के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे।

### रेलवे फाटक के पास प्राचीन हनुमान मंदिर का शिलान्यास आज

**जांजगीर-चांपा।** स्थानीय बिर्रा रेलवे फाटक के समीप स्थित पोकरमल धर्मशाला परिसर में वर्षों पुरानी प्राचीन हनुमान जी की प्रतिमा का मंदिर निर्माण होने जा रहा है। लंबे विराजमान इस चमत्कारी हनुमान प्रतिमा को अब भव्य स्वरूप दिया जाएगा। मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे शिलान्यास के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर निर्माण से न केवल आस्था को नया स्वरूप मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### अटल विहार योजना : पंजीयन के लिए विशेष शिविर आज

**अकलतरा।** अटल विहार योजना के अंतर्गत आवास के लिए विशेष शिविर का आयोजन 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक नगर के अग्रसेन भवन में किया गया है। विद्युत होगी की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा अकलतरा नगर में अटल बिहारी योजना के अंतर्गत एचआईजी मकान के लिए प्रारंभिक कीमत 33.22 लाख रुपए एमआईजी मकानों के लिए 31.16 लाख रुपए एलआईजी मकानों के लिए 18.14 लाख रुपए एवं ईडब्ल्यूएस मकानों के लिए 9.48 लाख रुपए की प्रारंभिक कीमत रखी गई है। क्षेत्रवासी विशेष शिविर में शामिल होकर अटल विहार योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ भवन के लिए अग्रिम पंजीयन कर सकते हैं।

### दीपावली कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन 5 को

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के आचार्य चाणक्य सभागार में शुक्रवार 5 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से दीपावली कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। संस्कार भारती जिला सक्ती के द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का अपील की है।



खिसोरा में मुनादी करवाने पहुंचे वन विभाग के अधिकारी।



हाथी के पदचिन्ह का निरीक्षण करती टीम।

वन विभाग करा रहा मुनादी, ग्रामीणों में दहशत

# रैनखोल में डेरा जमाए झुंड से भटककर हाथी पहुंचा पंतोरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के वनपरिक्षेत्र रैनखोल से भटककर अब हाथी जांजगीर चांपा जिले के पंतोरा सर्किल पहुंच गया है। ऐसे में वन विभाग की टीम द्वारा खिसोरा सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।

सक्ती जिले के वनांचल ग्राम रैनखोल सहित बासीनपाठ, सहिलाभाठा, भुईगांव, गुंजी बरपाली में दहशत मचाने के बाद हाथी भटककर जांजगीर चांपा जिले के बलौदा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पंतोरा सर्किल के खिसोरा गांव पहुंच चुका है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम द्वारा प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही साथ मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने कहा जा रहा है। है। बताया जाता है कि सीमावर्ती कोरबा जिले से पखवाडे भर से रैनखोल क्षेत्र में विचरण कर रहा था। इसके बाद हाथी पंतोरा सर्किल पहुंच गया। हाथियों के झुंड पहुंचने से धान की फसलों को सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण भी भयभीत है। वर्तमान में धान कटाई का काम चल रहा है लेकिन क्षेत्र में हाथी का झुंड के पहुंचने से ग्रामीण खेत जाने से भी डरने लगे है। इधर वनांचल क्षेत्रो मे हाथियो के बढते धमक को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा किसी भी हालत से निपटने के लिए अफसर एवं कर्मचारियो की अगुवाई में टीम का गठन भी किया गया है, जो हाथियो की हर गतिविधियो पर नजर रखे हुए है। वन परिक्षेत्रो मे हाथियो के आने के कारण जहां लोगो का घरो से निकलना मुशकिल हो गया है। वही सबसे अधिक प्रभाव धान की फसलो पर पड रहा है। धान की कटाई वनांचल के गांवो में प्रारंभ हो चुकी है। वही किसान सुबह से धान कटाई को लेकर खेतो की ओर चले जाते है धान की फसल खराब होने के साथ साथ हाथियो का डर सता रहा है। जिसके कारण कृषको की परेशानी और भी बढ गई है। वन विभाग की टीम के द्वारा इस पर कडी नजर भी रखी जा रही है। वही ग्रामिणो को गांव में मुनादी करवाकर घर से बाहर निकलने के दौरान सतकर्ता बरतने कहा जा रहा है। इधर सक्ती जिले के बाद जांजगीर चांपा जिले के पंतोरा क्षेत्र में हाथियों की धमक से वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। वहीं आसपास के गांव में सतर्क रहने मुनादी कराई जा रही है ताकि हाथी से लोगों को किसी तरह का नुकसान ना हो। वहीं धान फसल का भी ध्यान रखने कहा जा रहा है।

**कराई जा रही मुनादी**

जिले के पंतोरा वन परिक्षेत्र सर्किल अंतर्गत खिसोरा में हाथी के पद चिन्ह निरीक्षण के दौरान देखा गया है। विभागीय टीम द्वारा प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट रहने कहा गया है।

- होरेश शर्मा, एसडीओ वन विभाग, जांजगीर चाम्पा

# अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई, 835 क्विंटल धान जब्त

## मंडी अधिनियम के तहत संयुक्त टीम ने बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए खाद्य एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त टीम ने 835 क्विंटल और 2 वाहनों की जब्ती बनाई है। उक्त कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है। जिसके कारण इस तरह के कार्यो में लगे बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के सख्त निर्देश पर अवैध धान भंडारण और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज खाद्य विभाग, राजस्व विभाग और मंडी प्रबंधन के संयुक्त जांच दल ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे में स्थित यादव ब्रदर्स गोदाम परिसर में छापेमारी के दौरान 1700 बोरी धान 680 क्विंटल अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे तत्काल जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त परिवहन कर रही दो गाड़ियों को भी रोका गया। जांजगीर चांपा जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से कई बिचौलिए कम दामों में किसानों से धान की खरीदी कर उसे अधिक दामों में बेचने के फिराक में धान की कालाबाजारी कर रहे है। जिस पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



कार्रवाई करने पहुंचे तहसीलदार की टीम।

### तहसीलदार की टीम ने दो स्थानों से पकड़े 27 क्विंटल धान

शिवरीनारायण तहसील में अवैध धान भंडारण के विरुद्ध प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शासन के निर्देशों के तहत मंगलवार को तहसीलदार शिवरीनारायण ने अपनी पूरी टीम के साथ दो स्थानों पर छापेमारी करते हुए कुल 27 क्विंटल धान जब्त किया। यह कार्रवाई जिले में अवैध धान भंडारण, अवैध खरीदी–फरोख्त और समर्थन मूल्य योजना में गड़बड़ी करने वालों पर लगाम कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तहसीलदार के नेतृत्व में पहली कार्रवाई शिवरीनारायण स्थित हरिओम ट्रेडिंग में की गई। जांच के दौरान गोडाम में 15 क्विंटल धान असंगत रूप से रखा पाया गया,जिसके बारे में संचालक संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। शासन के आदेशों के अनुरूप व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा समर्थन मूल्य अवधि में बिना वैध दस्तावेज धान का भंडारण प्रतिबंधित है। इसी के चलते टीम ने मौके पर ही धान को जब्त करते हुए आवश्यक पंचनामा तैयार किया। इसी क्रम में दूसरी बड़ी कार्रवाई तहसील के ग्राम सिंघुल में की गई। यहां के किसान सदाराम पिता अच्छे राम द्वारा शासकीय भूमि में लगी फसल को काटने के बाद 12 क्विंटल धान अपने निजी खलिहान में रखा गया था। मौके पर जांच करने पर पाया गया कि धान शासकीय भूमि से प्राप्त किया गया है, जिस पर किसान का स्वामित्व नहीं है। ऐसे में धान को अवैध मानते हुए राजस्व टीम ने इसे भी तुरंत जब्त कर लिया। मामले में आगे की कार्रवाई राजस्व नियमों के अनुसार की जाएगी।तहसीलदार शिवरीनारायण ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान अवैध भंडारण,फर्जी विक्रय या अनधिकृत जमा धान पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक किशोर सिदार, मंडी उपनिरीक्षक डाली बघेल और हल्का पटवारी परवरिश टंडन का विशेष योगदान रहा।

# खेलते-खेलते कुए में गिरने से दो मासूम की गई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खेलते खेलते कुए में गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों चचेरी बहन हैं, जो बाड़ी के खुले कुए में गिर गई। परिजनों ने बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरो ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनाई की है।

■ सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनाई की घटना

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कनाई में छत्रप्रकाश दरवेश और उसके भाई चंद्रप्रकाश दरवेश का परिवार रहता है। मंगलवार 2 दिसम्बर की शाम छत्रप्रकाश की बेटी 5 वर्षीय अस्मिता और चंद्रप्रकाश की बेटी 4 वर्षीय प्रिंसीघर के पास ही खेल रही थी। इधर परिवार के अन्य सदस्य अपने अपने काम में व्यस्त थे। शाम ढलने के बाद घरवालों को दोनों बच्चियां नजर नहीं आई तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान घर के पीछे बाड़ी के खुले कुए में दोनों बच्चियां मिली। आनन फानन में दोनों को कुए से बाहर निकाला गया। परिजन दोनों बच्चों को लेकर जिला अस्पताल जांजगीर पहुंचे। जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने अस्मिता दरवेश और प्रिंसी दरवेश को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली जांजगीर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि खेलते खेलते अस्मिता दरवेश और प्रिंसी दरवेश घर की बाड़ी के खुले कुए में गिर गई। अस्मिता और प्रिंसी चचेरी बहन थी। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### ठंड बढ़ने के साथ ही सुबह से रात तक गर्म कपड़ों में नजर आ रहे लोग

**जांजगीर-चांपा।** ठंड बढ़ने के साथ-साथ लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। लगातार तापमान में आ रही गिरावट के कारण सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जिसके चलते गर्म कपड़ों की मांग लगातार बढ़ रही है। मंगलवार 2 दिसंबर को जहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

## प्लेसमेंट कैंप से मोह भंग...



**जांजगीर-चांपा।** बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने मंगलवार 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन रखा गया था। निजी क्षेत्र के कंपनियों द्वारा प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। इसमें सिक्योरिटी सर्विस, इंटीग्रेडेट, सेल्स एक्जीकेटिव, फायनेंस मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित कुल 116 पदों के लिए 82 बेरोजगार युवा पहुंचे। इनमें से महज 30 लोगों का ही चयन हो पाया। इस तरह से देखा जाए तो प्लेसमेंट कैंप से बेरोजगार युवाओं का मोह भंग हो रहा है। जांजगीर चांपा जिले में पंजीकृत बेरोजगारों का आंकडा 96 हजार को पार कर गया है।

### कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने तहसील कार्यालय जांजगीर पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम पवन कोसमा, तहसीलदार राजकुमार मरावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक फॉर्म के वितरण, संकलन तथा रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन की जानकारी ली। उन्होंने फॉर्मों के जमा कर डिजिटल प्रविष्टि में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें।

## किराए की राशि व गाड़ी वापस नहीं करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** दो बोलेरों को किराए में लेने व किराया की राशि नहीं देने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 29 सितंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके नाम से दो बोलेरो गाड़ी है जिसे किराया में पूर्व परिचित आमिर ख़ान निवासी जरवानी सहसपुर जिला राजनांदगांव को दी थी, आमिर ख़ान द्वारा 1 फरवरी को बीएसपी प्लांट में गाड़ी चलाने की बात कहते हुए 50 हजार एग्रीमेंट कर वाहन को ले गया। किंतु बाद में किराया की राशि नहीं दिया और कहीं भाग गया , पता करने पर उक्त दोनों गाड़ी को ईशंक गजपाल निवासी भिलाई, एवं खोमलाल देवांगन निवासी शंकर नगर दुर्ग का रखा है जिन्हें गाड़ी वापस देने और किराया देने की बात कहने लगा। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त दोनों बोलेरो गाड़ी को अपने कब्जे में रखा था जिसे बरामद कराया आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाए जाने से 2 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

## पुलिस ने दी दबिश, मौके से दर्जन भर जुआरियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा सिवनी में पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मौके से नकदी और ताश की गड्डियां भी जब्त की गई हैं।

चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम सिवनी में कूछ लोगों के द्वारा ताशपत्ती के माध्यम से जुआ खेला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस बीच 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं उनके कब्जे से नगदी रकम और ताश जब्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार लंबे समय से इस क्षेत्र में जुआ खेलने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि अन्य सम्बंधित लोगों की भी जांच की जा रही है और आगे की कार्यवाही जारी रहेगी।

इसी तरह मुलमुला पुलिस ने भी नरियरा में जुआ के फड पर दबिश देकर 10 जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 13 हजार 720 रुपए नगदी व ताशपत्ती बरामद की गई है। सभी जुआरियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सुशासन तिहार के तहत लोक निर्माण विभाग से की गई थी मांग

# जर्जर सड़क मरम्मत के नाम पर चढ़ा रहे डामर की पतली परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खोरसी

पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव को जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क मार्ग की हालत इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क अब खड्डों और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं सड़क मरम्मत के नाम पर डामर की पतली परत चढ़ाया जा रहा है। जिससे सड़क मरम्मत की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे है।



तनौद भुईगांव में चल रहा सड़क मरम्मत कार्य।

गौरतलब है कि देवरी मोड से तनौद भुईगांव को जोडने वाली सड़क की हालतर अत्यंत खराब हो चुकी है। जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का उपयोग रोजाना हजारों ग्रामीण करते हैं, जो कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए शिवरीनारायण व भुईगांव और आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। जनप्रतिनिधियों को भी बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार देवरी मोड़ से तनौद, भुईगांव तक डामर के परत डाल कर खाना पुर्ति कर रहे हैं। हाईवा जैसे बड़े वाहन चलने पर धुल में समा जाते हैं।

इस पूरे मसले पर जब पीडब्लयूडी के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बजट की कमी और प्रक्रियागत अड़चनों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। साथ ही पीडब्ल्यूडी के द्वारा इस मार्ग में ठेकेदार के माध्यम लाखों रुपए मरम्मत खर्च करते हैं। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव मार्ग संतोषप्रद बताया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों खर्च कर सड़क का डामरीकरण का खेल खेला जाता है। नवंबर 23 में डामरीकरण किया गया था। 6 महीने के अन्दर ही डामर उखड़ गई।

इस संबंध में सरपंच महावीर साहू का कहना है कि सड़क मरम्मत कार्य में ठेकेदार एवं विभागीय इंजीनियर द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। सड़क मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुए जन-जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले में जागरूकता अभियान जोर पकड़ रहा है। जिला एड्स नियंत्रण समिति और जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जिला अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को एचआईवी/एड्स से संबंधित सावधानियों, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने एड्स जागरूकता पर आधारित संदेशों को आकर्षक रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके अलावा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को एड्स से जुड़ी सही जानकारी, भ्रांतियों का समाधान और निःशुल्क परीक्षण की उपलब्धता के बारे में जानकारी दे रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संक्रमण से बचाव के उपायों को आम लोगों तक सरल भाषा में पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, अस्पताल स्टाफ, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### हरदीबाजार में लोगों को एड्स के प्रति किया गया जागरुक





**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में विधिक साक्षरता शिविर एवं विश्व एचआईवी, एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। जिसमे लक्षण एवं रोकथाम तथा खतरे एवं उपचार के संबंध में तथा उचित एवं सरल तथा स्वस्थ जीवन व्यतीत करने सुझाव सहायक चिकित्स युधेश सांडे के द्वारा दिया गया है, साथ ही विधिक सहायता के अनेक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इस जागरूकता शिविर में डॉक्टर टिकेंद्र वर्मा, धनेश्वर कंवर, सुधा महंत, सिस्टर चमेली कंवर, कीर्ति मानिकपुरी, संतोष रात्रे दिनेश और भुनेश्वर देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्राम मित्र ने चलाया जनजागरूकता कार्यक्रम

**बरपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस एन केसरी के मार्गदर्शन में जिला एड्स नियंत्रण समिति कोरबा, ग्राम मित्र समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो व्यवधानों पर विजय पाए, एड्स की प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य आकर्षण जागरूकता रथ, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी जोन रहा, कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्रा एवं नर्सिंग छात्रों में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से एच आई वी एड्स जागरूकता के लिए संदेश दिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी सीएमएचओ डॉ सी के सिंह, एचआईवी नोडल अधिकारी डॉ रविकांत राठौर, सिविल सर्जन डॉ डीएस पटेल, सीपीएम कोरबा डॉ ज्योत्सना पैकरा, नोडल एआरटी सेंटर डॉ आरपीएस पैकरा, डॉ चंद्रकांत भास्कर सर, पूर्व नोडल अधिकारी डॉ बी आर रात्रे, डॉ बी एल रात्रें, डीटीसी सीएसआर हेड संज्ञान जी, डॉ अतीक सिद्दीकी, रविकांत दुबे, आईसीटीसी, ओएसटी के परामर्शदाता तथा लेब तकनीशियन, गोपाल चंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, धनंजय चौहान भाजयुमो अध्यक्ष, ग्राम मित्र से संतोष कुमार देवांगन तथा आदर्श नवयुवक मंडल कोरबा से भीष्म पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ, पीई व वालेंटियर उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों ने आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

# अपने ही कमांडेंट को हटाने सैनिकों ने किया आंदोलन, आश्वासन के बाद लौटे काम पर



धरने में बैठे नगर सैनिक।



डिवीजन कमांडेंट को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर सेना की कमांडेंड के द्वारा लगातार जिले के सैंकड़ों सैनिकों को मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर जिले के सैनिकों ने अपने कमांडेंड के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सभी नगर सैनिकों ने अपने कमांडेंड कार्यालय में ही धरना प्रदर्शन कर हड़ताल शुरु कर दिया था जिससे जिले की व्यवस्था भी चरमरा गई थी और अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। जिला प्रशासन व पुलिस के अफसर सुबह सैनिकों से मिलने के लिए पहुंचे थे जहां उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया लेकिन सैनिक अपने मांगों पर अडिग रहे जब तक कमांडेंड को हटाया नहीं जाएगा तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिसके उपरांत दोपहर को बिलासपुर से डिविजनल कमांडेंड पहुंचे और हड़ताली सैनिकों के आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर उचित निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद सैनिक पुनः अपने काम पर लौट गए हैं।

**खास बात**

- बिलासपुर से पहुंचे डिवीजन कमांडेड के आश्वासन पर समाप्त हुआ आंदोलन

उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ नगर सैनिकों को जिला कमांडेंड अनुज कुमार एक्का द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। किसी न किसी वजह से सैनिकों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा था और उन्हें नोटिस भी दी जा रही थी। जिसे लेकर जिले के सैनिकों ने अपने ही कमांडेंड अनुज कुमार एक्का पर आरोप लगाया कि उन्हें बार बार मानसिक व आर्थिक रुप से प्रताड़ित कर अत्याधिक परेशान किया जा रहा है। इसे लेकर जिले के सैनिकों ने मोर्चा खोलते हुए सोमवार को सभी अपने अपने कार्यस्थल व विभिन्न थाना चौकी, कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालय में पदस्थ सैनिक अपना काम छोड़कर रिस्दी रोड स्थित नगर सैनिक कमांडेंड कार्यालय जा पहुंचे और कमांडेंड कार्यालय के भीतर ही अपनी आवाज बुलंद करते हुए कमांडेंड अनुज एक्का को हटाने को लेकर आंदोलन शुरु कर दिया गया। सुबह लगभग 12 बजे जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी कमांडेंड कार्यालय पर पहुंचे और हड़ताल पर डटे सैनिकों से मुलाकात कर उन्हें समझाइश दी लेकिन उन्होंने हड़ताल बदस्तूर जारी रखने का शंखनाद कर दिया और घंटों प्रदर्शन करते रहे, इस बीच बिलासपुर से डिविजनल कमांडेंड कोरबा पहुंचे और नगर सैनिकों से मुलाकात किया और उनकी आपबीती सुनी उन्हें आश्वास्त किया की एक सप्ताह के भीतर कोरबा कमांडेंड अनुज एक्का को हटा दिया जाएगा। आश्वासन के बाद सैनिक अपने अपने काम पर लौट गए हैं। सैनिकों का कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कमांडेंड को नहीं हटाया गया तो सोमवार से फिर से अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे।

# फोर लेन सड़क के जमीन अधिग्रहण का किसानों को नहीं मिला मुआवजा



ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एडीबी परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23 के तहत 21.481 किलोमीटर पाली-सिल्ली सड़क निर्माण के लिए पाली से लेकर सिल्ली तक सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन सड़क में अधिग्रहित की गई थी। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण किए चार साल बीत गए, सड़क निर्माण भी हो गया, किन्तु ग्राम पंचायत पोड़ी एवं ग्राम पंचायत पोलमी के लगभग 82 किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है।

कलेक्टर जनदर्शन में पोड़ी और पोलमी के ग्रामीण पोड़ी के पूर्व सरपंच एवं किसान होरीलाल बियार के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। ज्ञापन देने वालों में होरीलाल बियार, सनत कुमार बियार, समदर्शी, करूणा शंकर शिरे, सम्मार सिंह, हरीराम बियार, बुधराम बियार, सीताराम, पंकज सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सड़क निर्माण के लिए खेतिहर भूमि अधिग्रहित की गई थी और चार साल से मुआवजा के लिए ग्रामीण दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। पूर्व सरपंच होरीलाल बियार ने बताया कि अधिग्रहित की गई जमीन खेतिहर थी और करीब 82 किसानों को चार साल बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसानों ने कहा कि खेतिहर भूमि जाने से फसल उत्पादन न होने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है और अलग से मुआवजा भी नहीं मिल पाया, इससे कई किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। पोड़ी, पोलमी पंचायत से सड़क के लिए अधिग्रहित की गई जमीन आदिवासियों की है। गरीब परिवार से आने वाले पीड़ति आदिवासी हैं और ये खेती-किसानी पर ही निर्भर हैं। खेतिहर भूमि जाने से इनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

# कोहड़िया बाल संप्रेक्षण गृह से 3 अपचारी बालक हुए थे फरार, एक आया वापस



बाल संप्रेक्षण गृह में पहुंचे अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से रविवार की शाम 3 अपचारी बालक किचन के रुम से फरार हो गए। जिसमें से एक बालक को उसके परिजन दूसरे दिन वापस बाल संप्रेक्षण गृह लेकर पहुंची तथा दो अपचारी बालक की अभी भी तलाश जारी की जा रही है।

**खास बातें**

- मंत्री के निरीक्षण के एक दिन पहले हुई घटना
- पूर्व में भी फरार हो चुके हैं अपचारी बालक

बाल संप्रेक्षण गृह से भागे 3 किशोरों में से 2 गंभीर अपराधों के आरोपी हैं। दोनों ने यहां से भागने की योजना पहले ही बना रखी थी। होम्स में रसोई घर से लगे वॉशरूम में वॉश बेसिन लगाने का काम चल रहा था। दोनों किशोरों ने अपने साथ तीसरे को शामिल कर लिया और तीनों कल 30 नवंबर को दोपहर बाद 3 बजे किचन के रास्ते से फरार हो गए। कल से फरार तीन बच्चों में से एक तोरवा बिलासपुर में अपने परिजनों के पास पहुंच गया था। चूंकि परिजनों को इनके भागने की सूचना दी जा चुकी थी, इसलिए परिजनों ने बालक को समझाया और उसे लेकर तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अब यह बालक वापस होम्स में आ चुका है और बाकी 2 की तलाश की जा रही है। कोरबा के बाल संप्रेक्षण गृह से 3 किशोरों के फरार होने की सूचना देर शाम बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा को मिल चुकी थी। कोरबा-दर्री मार्ग पर स्थित कोहड़िया बस्ती के पास नए सरकारी भवन में जब से बाल संप्रेक्षण गृह स्थानांतरित हुआ है, तब से यहां अनेक घटनाएं घट चुकी हैं। यहां इसके शुरू होने के दूसरे दिन ही 4 किशोर रोशनदान तोड़कर भाग गए थे। इसके बाद यहां के रसोईघर में चल रहे निर्माण कार्य और कर्मचारी की लापरवाही का फायदा उठाते हुए यहां से तीन किशोर भाग खड़े हुए। अधीक्षक दुर्गेश्वरी ने बताया कि पूर्व में यहां से भागे 4 किशोरों में से 2 वापस लाए जा चुके हैं जबकि 2 अब भी फरार हैं। इस बार भी फरार 2 किशोरों का पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि रविवार को 3 अपचारी बालक फरार हुए थे जिसमें से एक वापस लौट आया है।

# कुदुरमाल पुल के बंद होने से शहर के आउटर पर बढ़ा यातायात का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल जर्जर होने की वजह से वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से इस मार्ग से जाने वाले भारी वाहनों पर खासा असर पड़ा है क्योंकि इसी पुल से सबसे ज्यादा कोयला लोड ट्रेलर वाहन दीगर जिलों को जाती थी अब पुल के बंद हो जाने से इसका दबाव सीधा शहर के आउटर शहर पर पड़ने लगा है। एक दिन में लगभग 5 हजार से अधिक ट्रेलर वाहन शहर के आउटर मार्ग से गुजर रहा है जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यह हाल अभी कितने दिनों तक ऐसे ही रहेगा कुछ कह पाना संभव नहीं है। हालांकि प्रशासन क्षतिग्रस्त पुल को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की दिशा पर पहल कर रहा है। देखना होगा कि यह पुल कब तक तैयार हो पाता है। ज्ञात रहे कि उरगा और तरदा को जोड़ने वाली पुल विगत दिनों क्षतिग्रस्त हो गई थी। विगत दिनों सर्वे टीम जब पुल के नीचे नदी में उतरकर जांच की तो पता चला कि पुल बेहद क्षतिग्रस्त हो गया है, कभी भी ध्वस्त सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है,जिस पर तत्काल प्रभाव से इस पुल से आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। इस मार्ग से व पुल को पार कर कुसमुंडा खदान से प्रतिदिन लगभग 3 हजार कोयला लोड ट्रेलर रायगढ़ व जांजगीर चांपा जाती थी, साथ ही छोटी बड़ी सैंकड़ों वाहन जांजगीर चांपा व बिलासपुर आना जाना करते थे। अब पुल के बंद हो जाने से समस्याएं काफी विकराल हो गई है।

### दंतैल ने ग्रामीण पर किया हमला, बाल-बाल बची जान

**कोरबा।** कोरबा वन मंडल में 37 हाथियों का झुंड अलग अलग हो चुका है इसमें से एक दंतैल हाथी अपने झुंड से अलग हो चुका है और क्षेत्र में उत्पात मचाना शुरु कर दिया है। एक 50 वर्षीय अधेड़ तड़के दिशामैदान के लिए गया हुआ था जहां उसका सामना दंतैल हाथी से हो गया और उस पर हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया है। जिसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं दंतैल हाथी के खतरे को देखते हुए वन विभाग की टीम उसकी ट्रैकिंग कर गांव गांव में मुनादी कर लोगों को सावधान करने में जुटा हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले लंबे समय से कोरबा वन मंडल में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। मौजूदा स्थिति में हाथियों का झुंड कोरबा वन मँडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में अलग अलग झुंड में विभक्त हो चुका है। इसमें से आधा दर्जन हाथियों का झुंड नदी पार कर ग्राम कनकी व उसके आसपास जा धमका था जबकि एक हाथी एक झुंड से बिछड़कर ग्राम कटबितला आ पहुंचा था। इस दौरान सुबह लगभग 5 बजे ग्राम कटबितला निवासी मुन्ना राम राजवाड़े उम्र 54 वर्ष पिता धनसाय दिशा मैदान के लिए गया हुआ था। जहां उसका सामना दंतैल हाथी से हो गया और दंतैल हाथी ने उसके उपर हमला कर दिया। हमले में घायल हो गए किसी तरह जान बचाकर वह घटनास्थल से भाग निकला।

# अशासकीय विद्यालय संघ का दो दिवसीय खेलकूद संपन्न



**कोरबा।** अशासकीय विद्यालय संघ दीपका में 2 दिवसीय खेल कूद महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें दीपका क्षेत्र के समस्त अशासकीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न विधाओं में (3 श्रेणियां) प्राथमिक ,माध्यमिक, तथा हाई स्कूल श्रेणी के बच्चों ने भाग लिया। कलचुरी हायर सेकेण्डरी स्कूल, सर्वमंगला विद्यालय हाईस्कूल, राधेय विद्यापीठ हाई स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ईस्ट प्वाइंट हाई स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, ज्ञान विज्ञान पब्लिक स्कूल तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर दीपका ने भाग लिया। अपने-अपने बच्चों का खेलकूद देखने आए पालकों ने इस आयोजन की खूब प्रशंसा किए। इस अवसर पर 28 नवंबर को प्रातः 9 बजे उद्घाटन समारोह में आदरणीय राजेंद्र सिंह राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष दीपका के आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू पार्षद श्रीमतीज्योति तिवारी, रजनीश तिवारी शामिल रहे।

### एक पखवाड़े में खरीदा गया 3 लाख क्विंटल धान, दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की समितियों में होने लगी खरीदी

# समितियों में बढ़ने लगी धान की आवक, सभी केंद्रों में हुई बोहनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धान खरीदी को एक पखवाड़ा बीतने के बाद अब लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में धान की आवक हो चुकी है। एक पखवाड़े में ही लगभग 92 हजार 588 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। अब तक वनांचल क्षेत्र के जो उपार्जन केंद्र में बोहनी नहीं हुई थी उन केंद्रों में भी धान की आवक शुरु हो गई है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी शुरु होने से वनांचल क्षेत्रों में बोहनी की शुरुआत हो गई।

एक तरफ धान खरीदी में तेजी आयी है। 30 लाख क्विंटल खरीदी के लक्ष्य को लेकर शुरु हुई खरीदी की शुरुआत मंडी कर्मियों की हड़ताल से प्रभावित रही। लगभग एक सप्ताह मंडी कर्मियों के हड़ताल जारी रहने से कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को कमान संभालना पड़ा था। एक सप्ताह बाद हड़ताल स्थगित हुई और मंडी कर्मी काम पर लौटे उसके बाद से मंडियों में रौनक लौटनी शुरु हुई। हालांकि खरीदी के पहले दिन से ही समितियों में धान खरीदा जाने लगा था। एक पखवाड़ा बीतने के बाद जिस तेजी से आवक शुरु हुई है उससे आने वाले दिनों में मंडियों में धान का उठाव नहीं होने पर जाम की भी शुरुआत हो सकती है। अब तक राइस मिलर्स से अनुबंध नहीं हुआ है। अनुबंध में देरी भी धान जाम की समस्या को बढ़ा सकती है।

**बरपाली में 160 क्विंटल धान से खरीदी की बोहनी**



कोरबा विकासखंड के जिल्गा बरपाली धान खरीदी केंद्र में एक पखवाड़े बाद बोहनी हुई है। पहले दिन क्षेत्र के किसान रुप सिंह राठिया द्वारा 160 क्विंटल धान बेचा गया। श्री राठिया के द्वारा ऑनलाइन मोबाइल ऐप से धान बिक्री का टोकन काटा था। खरीदी के अवसर पर समिति के प्रबंधक चंद्रेश कश्यप, फड़ प्रभारी देवेंद्र कुमार, कम्प्युटर ऑपरेटर गंगाधर राठिया, हबीब मोहम्मद, ताज खान, बैगा शनिराम, मनबहाल कंवर, राजेश्वर राठिया, पूर्व सरपंच सम्मेलाल कंवर आदि उपस्थित थे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बढ़ाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# माधुरी ने तोड़ी अपनी इमेज पहली बार इतना डार्क किरदार

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित पिछले 40 सालों से मनोरंजन जगत में अपनी चमक बरकरार रखे हुए हैं। हर दशक में उन्होंने खुद को नए अंदाज में पेश किया है चाहे वह अभिनय हो, नृत्य, या चुनौतियों से भरी भूमिकाएं। अब वह डिज्नी+हॉटस्टार की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आएंगी, जहां वह एक निगेटिव किरदार निभा रही हैं जो उनके लंबे और शानदार कॅरियर में बहुत कम देखने को मिला है। माधुरी ने कहा, हर दशक की अपनी एक पहचान रही है। कई फिल्में थीं जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है, और खुद को चुनौती दी है। लेकिन इस दशक की बात करूं तो मेरे लिए 'मिसेज देशपांडे' वही भूमिका है। ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया.'पुकार' में एक लड़की थी जो नासमझी में गलती कर बैठती है। लेकिन, यहां कोई मासूमियत नहीं है। वह जानती है कि वह क्या कर रही है, बहुत सोच-समझकर, परतदार और दिलचस्प ढंग से।

लाइफ Style

# सामंथा
## राज निदिमोरु से की गुपचुप शादी

साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने 'द फैमिली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु से तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में गुपचुप शादी की, जिसमें कपल के सिर्फ करीबी दोस्त ही शामिल हुए। उन्होंने फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सिंपल सी शादी में सामंथा ने लाल रंग की साड़ी पहनी है और सात फेरों की 5 तस्वीरें शेयर की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने राज निदिमोरु संग शादी करने के बाद सोशल मीडिया पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राज उनकी उंगली में अंगूठी पहना रहे हैं। सामंथा जहां लाल रंग की साड़ी में हैं। वहीं, राज ने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा और हल्के भूरे रंग की जैकेट पहनी है। साल 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया से सामंथा ने डेब्यू किया था। कुछ साउथ की फिल्में करने के बाद सामंथा ने साल 2012 में प्रतीक बब्बर की बॉलीवुड मूवी 'एक दीवाना था' में कैमियो किया था। लेकिन आज तक किसी भी बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस एक्टिंग नहीं की है। लेकिन, 15 साल के करियर में वह कई तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में लीड रोल कर चुकी हैं। इनमें से कई फिल्में हिंदी में डब होकर आईं। जिसके कारण हिंदी पट्टी में भी सामंथा की फैन फॉलोइंग बढ़ गई। इस लिस्ट में कई फिल्में शामिल हैं। जैसे साल 2021 में एसएस राजामौली ने ईगा नाम से एक तेलुगू फिल्म बनाई। इस फिल्म की हीरोइन सामंथा थीं। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। सामंथा ने कम समय में ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बना ली। वह कई नामी एक्टर्स के साथ फिल्मों में हीरोइन के तौर पर नजर आईं।




हॉलीवुड मसाला



# अवतार- फायर एंड ऐश रिलीज के लिए तैयार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी।



# चल रही थी शूटिंग सुपरस्टार ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** 'टायरोन पावर' 1940 और 50 के दशक का वह दिलकश सितारा था जिसे लाखों लोग रोमांस और एडवेंचर फिल्मों में देख दीवाने हो जाते थे। 15 नवंबर को घटी एक घटना ने न सिर्फ एक सुपरस्टार की जिंदगी खत्म कर दी, बल्कि हॉलीवुड को भी झकझोर दिया। टायरोन पावर फिल्म 'सोलोमन एंड शीबा' की शूटिंग कर रहे थे। एक भव्य युद्ध दृश्य की रिहर्सल चल रही थी। हाथ में तलवार, सामने कलाकार, आसपास कैमरे और दर्जनों क्रू मेंबर थे। दृश्य में जान डालने के लिए वे पूरे जोश से तलवारबाजी कर रहे थे। अचानक उनकी चाल लड़खड़ाई पहले किसी को लगा कि यह सीन का हिस्सा है। लेकिन, कुछ ही पलों में पावर जमीन पर गिर पड़े। सेट पर सन्नाटा छा गया। उन्हें तुरंत उठाकर एंबुलेंस में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी धड़कन थम चुकी थी। डॉक्टरों ने साफ कहा, 'वह यहां पहुंचने से पहले ही जा चुके थे।' पावर सिर्फ 44 साल के थे। टायरोन पावर के जाने का शोक लोगों ने तो मनाया, लेकिन सिस्टम आगे बढ़ गया-बिना रुके, बिना ठहरे। उनकी कहानी हॉलीवुड इतिहास की सबसे ट्रैजिक कहानियों में गिनी जाती है। उनका अंत उतना ही नाटकीय था, जितना उनकी फिल्मों के दृश्य। रूमानियत और एडवेंचर का ब्लेंड जो पर्दे पर दिखा वही दबे पांव उनके जीवन को भी निगल गया।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत का दमदार लुक रिवील

**मुंबई।** फिल्म 'चमकीला' में अपनी अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ने वाले दिलजीत दोसांझ जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर-2' से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में दिलजीत का पहला लुक सामने आ चुका है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के बहादुर फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया था। उनका लुक काफी प्रभावशाली दिख रहा है। दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर-2' से अपना पहला लुक शेयर किया है, जिसमें वह बड़ी मूछों और जोश भरे चेहरे के साथ लड़ाकू विमान में बैठे नजर आ रहे हैं। वह खून से लथपथ हैं। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, "बॉर्डर 2 से आपकी पहली झलक वाकई कमाल की है। 23 जनवरी 2026 को लॉन्च के लिए बिल्कुल सही समय है। भारत माता की जय।



# जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

टीवी मसाला




# दीया और बाती हम की एक्ट्रेस विंध्या ने जोधपुर में रचाई शादी

**नई दिल्ली।** 'दीया और बाती हम', 'ससुराल सिमर का', 'नागिन 2' और 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' जैसे कई शोज में काम कर चुकीं विंध्या तिवारी ने 25 नवंबर को आशीष लोहरा के साथ शादी कर ली। एक्ट्रेस ने जोधपुर में आशीष लोहरा से शादी की। इसके बाद उन्होंने समारोह की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह गुलाबी लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और आशीष भी अपनी दुल्हन के साथ खूब जंच रहे हैं। खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारे साथ जश्न मनाया, शुभकामनाएं भेजीं, या हमारी शादी के दिन को यादगार बनाने में मदद की: तहे दिल से शुक्रिया। हम शादीशुदा हैं और इतने प्यार से घिरे इस नए अध्याय की शुरुआत करके बेहद खुश और धन्य महसूस कर रहे हैं। हमेशा के लिए शुभकामनाएं! विंध्या ने मुस्कुराते हुए बताया कि शादी के बाद पहली सुबह उठते ही दुनिया कैसी लगी। उन्होंने इसे भगवान हनुमान का आशीर्वाद बताया और बताया कि सब कुछ सपने जैसा लग रहा था। उन्होंने कहा- यह अवास्तविक है। यह खूबसूरत है। मुझे लगता है कि जब मैं शादी के बारे में नहीं सोच रही थी, तब यह बस हो गया। प्रार्थनाओं और चमत्कारों में विश्वास रखने वाली विंध्या ने कहा कि उनके जीवन का हर दिन रोमांचक है। उन्होंने कहा- लोग कहते हैं कि शुरुआती दौर रोमांचक होता है, लेकिन मैं टाल देती हूं। मेरा जीवन हमेशा से रोमांचक रहा है। मेरा जीवन बहुत जादुई है।

## मौनी को महीनों बाद देख उड़े सबके होश

**नई दिल्ली।** मौनी रॉय को अक्सर पपाराजी के लिए पोज देते देखा जाता है। इस बार उनके साथ उनकी दोस्त भी थीं जिनके बारे में फैंस पूछताछ कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। कुछ सेलेब्रिटीज को अपना ग्लैमर दिखाने के लिए रेड कार्पेट की जरूरत नहीं होती और मौनी रॉय इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। बीती शाम उन्हें मुंबई की सड़कों पर जलवे बिखेरने के बाद एक वेन्यू से निकलते हुए देखा गया। कैमरे उनके पीछे-पीछे चल रहे थे, लेकिन मौनी यूं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि इंतजार करती रहीं और फोटोग्राफर्स को 'हाय' कहा। मौनी रॉय अपनी कार की ओर जाने से पहले फोटोग्राफरों को पोज दे रही थीं, अपनी मुस्कान के साथ वो काफी देर तक रुकी रहीं। उन्होंने न केवल सोलो पोज दिए, बल्कि अपनी दोस्त को भी फ्रेम में बुलाया। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। लेकिन लोगों ने जिसके बारे में पूछना शुरू कर दिया वो थीं उनकी दोस्त। मौनी रॉय आखिरी बार 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें पलक तिवारी, संजय दत्त और सनी सिंह भी थे।



# आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे धर्मेंद्र को याद कर हेमा की छलकीं आंखें

**मुंबई।** धर्मेंद्र इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार 24 नवंबर को उन्होंने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। प्राइवेट तरीके से देओल परिवार ने अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया। बॉलीवुड के ही-मैन की अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा कई फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। मगर, फैंस अपने चहेते सितारे के अंतिम दर्शन नहीं कर सके। हाल ही में हेमा मालिनी ने जल्दबाजी में हुए धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार पर चुप्पी तोड़ी है और उनके आखिरी दिनों के बारे में बात की है।



### क्यों किया गया जल्दबाजी में अंतिम संस्कार?

हेमा मालिनी ने इस दौरान जल्दबाजी में प्राइवेट तरीके से हुए अभिनेता के अंतिम संस्कार के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हमेशा से चाहते थे कि उन्हें मजबूत देखा जाए। परिवार वाले भी उन्हें कभी कमजोर या बीमार न देखें। उनके आखिरी दिन बहुत दर्दनाक थे और उन्हें लगा कि फैंस को उन्हें उनकी पूरी ताकत के साथ याद रखना चाहिए न कि उनके दुख के साथ। फिर उन्होंने बहुत दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि उनके फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला।

### काश फॉर्महाउस पर मिल पाती

फिल्ममेकर हमाद अल रेयामी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद हाल ही में हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने लिखा है कि हेमा मालिनी के साथ मुलाकात के बाद उन्होंने एहसास हुआ कि वे कितनी गहरी उदासी में जी रही हैं। हेमा को अपने हमसफर धर्मेंद्र के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। हेमा मालिनी ने अपनी कांपती आवाज में रेयामी के सामने कहा कि काश वे दो महीने पहले की तरह धर्मेंद्र से फॉर्महाउस पर मिल पातीं। साथ ही हेमा मालिनी ने कहा कि आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सेहत की वजह से बेहद कष्ट में थे।

### दुख को छिपाने की कोशिश करती रहीं

निर्माता हमाद अल रेयामी ने लिखा है, 'शोक के तीसरे दिन मैं मशहूर आर्टिस्ट हेमा मालिनी से मिलने गया, जो दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी हैं। यह पहली बार था, जब मैं उनसे आमने-सामने मिला था। हालांकि मैंने उन्हें पहले भी कई बार दूर से देखा था, लेकिन इस बार कुछ अलग था। यह एक दुखद अवसर था, ऐसा दुख जो लगभग समझ से बाहर है। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर एक अंदरूनी उथल-पुथल देख सकता था जिसे वे पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रही थीं'।

# वी शांताराम की बायोपिक में नजर आएंगे सिद्धांत

**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता वी शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसमें सिद्धांत का लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म के पहले पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी धोती, कुर्ता, कोट और टोपी पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। सिद्धांत के पीछे एक चील और खुला आसमान दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही बड़े पर्दे पर वापस आ गया है।' फिल्म के पोस्टर को लेकर सिद्धांत के फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'मुझे पहले से ही यकीन है कि आप इसमें भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'सिद्धांत भाई आप बहुत गजब लग रहे हो।'

### कौन थे वी शांताराम

शांताराम राजाराम वणकुद्रे का जन्म 18 नवंबर 1901 को हुआ। वी. शांताराम को प्यार से लोग शांताराम बापू कहते थे। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता थे। उन्हें 'अमर भूपाली', 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखे बारह हाथ', 'नवरंग', 'दुनिया न माने' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1927 में अपनी पहली फिल्म 'नेताजी पालकर' को निर्देशित किया था।



### फिल्म के बारे में

*यह फिल्म वी शांताराम की बायोपिक है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका निभाएंगे। यानी अब फैंस अभिनेता-फिल्म निर्माता वी शांताराम के असाधारण जीवन को बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। इस फिल्म को अभिजीत शिरीष देशपांडे ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण राहुल किरण शांताराम, सुभाष काले और सरिता अश्विन वर्दे मिलकर कर रहे हैं। यह फिल्म निर्माता वी. शांताराम के जीवन और उनके अविश्वसनीय काम पर आधारित होगी। कथित तौर पर फिल्म में तमन्ना भाटिया और फरदीन खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।*

## साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी होगा मजा
# इस हफ्ते रिलीज होंगी कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर महीने का पहला सप्ताह शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में जहां दर्शकों को 'धुरंधर' का इंतजार है। वहीं, ओटीटी पर सिनेमा का लुत्फ उठाने वालों के लिए भी यह सप्ताह काफी खास होने वाला है। इस वीक न सिर्फ कॉमेडी का डोज मिलेगा, बल्कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी मजा होगा।

### द बैड गाइज 2

सप्ताह के पहले दिन यानी 1 दिसंबर को 'द बैड गाइज 2' रिलीज गई है। यह अमेरिकी एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर आ रही है। इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।






### औकात के बाहर

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव अब एक्टिंग डेब्यू को तैयार हैं। उनकी डेब्यू सीरीज का नाम 'औकात के बाहर' है। यह दिसंबर के पहले सप्ताह में दस्तक देगी। ठिकाना है अमेजन एमएक्स प्लेयर। इसकी स्ट्रीमिंग 03 दिसंबर से शुरू होगी। एल्विश यादव के अलावा सीरीज 'औकात से बाहर'में मल्हार राठौर, निखिल विजय, हेतल गड़ा, रोहन खुराना, केशव साधना जैसे एक्टर्स भी नजर आए। सभी कॉलेज स्टूडेंट्स के रोल में दिखाई दिए। इस सीरीज को तन्मय रस्तोगी ने निर्देशित किया है।

### कुत्त्रम पुरिधावन



यह एक तमिल साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसमें पशुपति, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और अजीत कोशी 'घरवाली-पेड़वाली'। इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में यह शो भी शामिल है। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह कॉमेडी से लबरेज होगा। इसे दर्शक 05 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे। यह शो पृथ्वी मिश्रा उर्फ जीतू की जिंदगी के इर्द-गिर्द है, जिसे जिंदगी में ये श्राप मिलता है कि उसकी हर चीज उसकी जिंदगी में डबल होगी।

### स्टीफन

यह तमिल फिल्म है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक किलर पर आधारित है। यह फिल्म 05 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### सरगुजा जिला संगठन प्रभारी बने कृष्णाकान्त चंद्रा



**सक्ती।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं संगठन महामंत्री पवन सहाय ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष सक्ती व पूर्व प्रत्याशी जैजैपुर विधानसभा कृष्णकान्त चन्द्रा को सरगुजा जिला के संगठन प्रभारी बनाया गया है। जिला प्रभारी के तौर पर उन्हें अब सरगुजा में बूथ स्तर के ढांचे को मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर पार्टी की उपस्थिति को तेज करने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को सही दिशा देने की जिम्मेदारी दी गई है। कृष्णकांत चंद्रा की नियुक्ति की घोषणा होते ही उनके इष्ट मित्र, सहयोगी और समर्थक बधाई देने उनके निवास पहुंच रहे हैं। कई नेताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक और ऊर्जावान कदम बताया है।

### कांटा बाट की पूजा व किसानों का स्वागत कर धान खरीदी का शुभारंभ



**तालदेवरी।** सेवा सहकारी समिति तालदेवरी में धान खरीदी केंद्र में मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी और मंडी अध्यक्ष भुवन लाल साहू मुख्य अतिथि में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ 1 दिसंबर को विधिविधान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा का पूजा अर्चना कर किया गया। प्रथम किसान सीता केवट पति नारायण केवट को अतिथि द्वारा फूल माला, पहनाकर,तिलक लगाकर, श्री फल से स्वागत किया गया और इनसे 8.40 धान खरीदी कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में आषिश तिवारी मंडल अध्यक्ष भुवन लाल साहू मंडी अध्यक्ष चेतन महंत पूर्व जिला मंत्री,होरी लाल कलार अध्यक्ष वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनु जयसवाल पूर्व युवा जिला अध्यक्ष बीजेपी,धन्नु डडसेना मंडी अध्यक्ष करनौद, दिनेश चन्द्रा सरपंच बोरसी, इतवारी राम साहू केन्द्र अध्यक्ष साहू समाज, अतिथि के उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ किया। धान खरीदी प्रभारी राम कुमार पटेल ने अभार व्यक्त करते हुए सिानो से विशेष अपील की कि वे धान खरीदी केंद्र पर केवल टोकन के माध्यम से आएं ताकि लंबी कतारों और अव्यवस्था से बचा जा सके। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष भुवन लाल साहू, अनील कश्यप, इतवारी राम साहू,दिनेश चन्द्रा,सरोज कुमार यादव हरिभूमि संवाद दाता, जितेन्द्र कुमार तिवारी,कमल खुटे, निर्मल पटेल खरीदी प्रभारी सेमरिया,गीता राम यादव तौल प्रभारी,दया राम यादव,राजेश यादव, मुकेश कुमार चन्द्रा कम्प्यूटर आपरेटर, सुगंधचंद साहू,राजेश यादव, संतोष सान्डे, मुकेश कुमार खुटे सहित बोरसी, गतवा,चोरहादेवरी के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


### किकिरदा सोसायटी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित किकिरदा में सोमवार 1 दिसंबर को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। किसान गिरीवर आदित्य का 18 क्विंटल धान तौल कर कृषक को फुल माला पहनाकर भारत माता का पूजा अर्चना करके धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सक्ती गोपी सिंह क्षत्रिय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्य समिति सदस्य देवलाल कश्यप, महामंत्री जागेश्वर चंद्रा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी चंद्रा, ओगेंद्र पुरी गोस्वामी, शिवचरण ज्वाला, मुन्ना केवट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि गोपी सिंह क्षत्रिय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी किसानों को धान अच्छी तरह साफ सुथरा एवं सुखाकर लाना चाहिए । ताकि किसी भी प्रकार से यहां मंडी प्रांगण में किसानों को परेशानियों का सामना करना न पड़े। इस कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित किकिरदा के संस्था प्रबंधक कुशत राम चंद्रा व गांव के गणमान्य नागरिकगण राजेंद्र टंडन, सत्यनारायण कर्ष , अनिल यादव, बूंद राम चंद्रा, किशन पटेल, सुरेश कुमार चंद्रा आदि के अलावा ग्राम पंचायत किकिरदा के पंचायत पदाधिकारी और करही के किसान भारी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन

### आदित्य राज जीनस



**चांपा।** स्थानीय मसीही समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं मिशन स्कूल में कार्यरत शिक्षक आदित्य राज जीनस का मंगलवार 2 दिसंबर को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। स्व. जीनस अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे मसीही रीति-रिवाज से घोघरानाला स्थित मसीही कब्रिस्तान में होगा। उनका परिवार नगर में दो स्कूल का संचालन करता है।

---

कलेक्टर ने बैठक में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

# गंभीरता के साथ करें धान खरीदी, किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 2 दिसंबर को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुवे धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को धान खरीदी कार्यों को पूरी गंभीरता से करने और किसी भी प्रकार की चूक न करने के कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य को पूरी प्राथमिकता से किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। कलेक्टर ने जिले में किसी भी प्रकार से कोचिया-बिचौलियों के धान खपने न पाए इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा जिले में किसी भी प्रकार से धान की अवैध गतिविधि, भंडारण आदि पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित सभी एआरओ,



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

एईआरओ, सीईओ और सीएमओ से आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को एक्शन मोड में कार्य करते हुए निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को शेष गणना पत्रकों के शीघ्र वितरण, कलेक्शन और ऑनलाइन एंट्री की गति और अधिक तेज करने के निर्देश देते हुवे समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पुनरीक्षण की सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से चलनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवार गणना प्रपत्रों के वितरण, कलेक्शन और एंट्री की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर फॉर्मों का त्वरित कलेक्शन व डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी विशेष गहन 'पुनरीक्षण कार्यों का नियमित निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर तक गणना पत्रक सत्यापन, 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति, 16 दिसम्बर से 7 फरवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन कार्य एवं 14 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर ने उपरोक्त जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्य समय पर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

---



## पंचों को दी गई उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

जनपद पंचायत मालखरौदा के सभा कक्ष में 2 नवंबर से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां रोजाना 60 की संख्या में 4 से 5 ग्राम पंचायत के महिला एवं पुरुष पंच प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं।

- पंचों को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दिया जा रहा प्रशिक्षण

मंगलवार 2 दिसंबर को भी ग्राम पंचायत धीमानी, चरोदी, जमगहन, किरारी, बड़े पडरमुढा के पंचों को प्रशिक्षण लेने के लिए बुलाया गया था। चरौदी से 13 पंच, जमग़हन से 8 करारी से 1, बड़े पाडरमुड़ा से 8 पंच शामिल हुए। प्रशिक्षण रोजाना 10:30 से 5 बजे तक दिया जा रहा है, लेकिन ठंड के चलते दूर दराज के पंच 12 बजे तक प्रशिक्षण लेने पहुंच पा रहे हैं वहीं 3 घंटे प्रशिक्षण ले पा रहे हैं। कई पंच ऐसे हैं जहां के पंचो समय पर सूचना नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। मंगलवार को भी ग्राम पंचायत किरारी में 10 पंच में बमुश्किल एक ही पंच पहुंचे थे, जिन्हे मास्टर ट्रेनर पुणे पूरनलाल चंद्रा तथा सुंदरलाल सिदार सहायक ट्रेन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के तहत उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दिया गया तो संपत्ति कर वसूली से लेकर ग्राम पंचायत का बजट बनाने , समानता का अधिकार ,स्वतंत्रता का अधिकार कार्य मूलक उपचार अधिकार के अलावा पंचायत द्वारा संधारित की जाने वाले रजिस्टर पंजी के संबंध में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि किसी भी जगह आवेदन देने के बाद पावती लिया जाना जरूरी है ताकि समय आने पर प्रमाणित किया जा सके। उपसरपंच रामेश्वर जांगड़े का कहना है कि इसके माध्यम से गांव की विकास योजना बनाने में मदद मिलेगी। पंच पदमा कुमारी सिदार का कहना था प्रशिक्षक द्वारा छत्तीसगढ़ी बोली में अच्छे से समझाया गया।

---

## महका में श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर मितानिन का किया सम्मान



**राहौद/महका।** ग्राम पंचायत महका में मितानिन दिवस पर उप सरपंच महेंद्र कुमार गोयल की अध्यक्षता में मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मितानिन शीला टंडन, शशीकला जांगड़े, रागनी कुर्रे सहित उपस्थित मितानिन का श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2002 पूरे छत्तीसगढ़ में मितानिन कार्यक्रम का प्रारंभ किया है। इस कार्यक्रम के तहत पामगढ़ विकासखण्ड में मितानिन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मितानिन अपने वार्ड में सतत रूप से स्वास्थ्य जागरूकता लाने की दिशा में लगातार सेवा दे रही है। मितानिन के कारण आज शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो पाना संभव हो पाया है। जिससे जच्चा-बच्चा पूर्ण रूप से सुरक्षित है, वहीं बच्चों में टीकाकरण दर में वृद्धि हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप सरपंच महेंद्र कुमार गोयल ने मितानिन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रही कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम में मितानिन प्रशिक्षक वंदना टंडन, डीआरपी रात्रे, शशी कुमार टंडन, अनिल टंडन, कलेश्वर टंडन, मिलन जांगड़े, केदार टंडन, बंशी कुर्रे, कुलेश्वरी, गौरी यादव, रामायण बाई, रंजना जांगड़े श्रीकांत सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## बच्चों की सफलता मेहनत, अनुशासन और माता-पिता के सहयोग की देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जांजगीर में 29 और 30 नवंबर को आयोजित नृत्य, नाद,स्वरम ऑल इंडिया नेशनल डांस म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल कंपटीशन एंड फेस्टिवल में अकलतरा के एकता डांस स्टूडियो

- एकता डांस स्टूडियो के कलाकारों ने कथक ग्रुप एवं सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

के बच्चों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्टूडियो के छात्रों ने सोलो और कथक ग्रुप दोनों श्रेणियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि कथक ग्रुप डांस में स्टूडियो की टीम ने बेहतरीन तालमेल, लय और अभिव्यक्ति प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कथक नृत्य के




शील्ड के साथ उपस्थित कथक एवं सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार।

विजेता समूह में नंदनी पुरोहित, पहल जैन, दुति सिदार, ऋद्धिमा वाधवा, अराध्या, काव्या खंडेलिया, भव्या जैन, अवनिजा सिंह और अनिका प्रजापति शामिल हैं। सोलो कथक में भी अशविना श्रीवास ने अपनी लयकारी और नृत्य कौशल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्टूडियो की संस्थापक एवं अनुभवी कथक शिक्षिका एकता अग्रवाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और माता-पिता के सहयोग की देन है। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। नगर में संचालित एकता डांस स्टूडियो की इस शानदार जीत से नगर वासियो में खुशी की लहर है। नगर वासियों का कहना है कि नगर के कलाकारों की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलना एक गर्व का विषय है।

---

## कानन पेंडारी व मगरमच्छ पार्क का बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**बिर्रा।** शिव शक्ति ज्ञान गंगा स्कूल मल्दा के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कानन पेंडारी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की काशी खरौद, भगवान नर नारायण की नगरी शिवरीनारायण शबरी धाम, और मगरमच्छ पार्क कोटमीसोनार अकलतरा का भ्रमण कराया गया। भारत की राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी और दरयायाची घोड़ा, विश्व की सबसे बड़ी पक्षी सुतुमुर्ग और विभिन्न प्रकार के जीवों का बच्चो को शैक्षिक जानकारी प्राप्त किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति ज्ञान गंगा स्कूल मल्दा के संरक्षक मेम लाल साहू,चेयरमैन रविशंकर साहू, संचालक जयराम साहू, ममता साहू, जानकी साहू, प्रतीक साहू ,सिमरन महंत, खुशी वैष्णव, संजना कश्यप, नेहा महंत, प्रिया कश्यप, सावित्री कश्यप, कामिनी यादव, सलीना कश्यप,पूनम कश्यप , यशोदा टंडन, पिली बाई यादव, कीर्तन साहू के अलावा स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



---

## मठ महोत्सव में आए श्रद्धालुओं ने किया दर्शन, नौकायन का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

टेम्पल सिटी शिवरीनारायण श्रद्धा एवं भक्ति की पावन धरा है लेकिन यहां पर्यटन की दृष्टि से भी पर्याप्त स्थल है। हाल ही में संपन्न हुए श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में श्रद्धालु भक्तगण दूर-दूर से पहुंचकर दर्शन, स्नान एवं नौकायन का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। यदि आपका आगमन भी इस नगर में होता है तो इन स्थानों का भ्रमण करना ना भूले।

शिवरीनारायण में भगवान नर- नारायण का अति प्राचीन मंदिर स्थित है, यह छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है। यहां भगवान नर- नारायण के रूप में विराजित हैं। इसे भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान माना जाता है। भगवान के दर्शन मात्र से जीवात्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है ऐसी मान्यता है। शिवरीनारायण मठ महोत्सव में पहुंचे हुए सभी श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त किया। महानदी, जोक नदी एवं शिवनाथ नदी के त्रिवेणी संगम में स्नानशिवरीनारायण में महानदी, शिवनाथ नदी एवं जोंक नदी का त्रिवेणी संगम है। इसमें स्नान से तीर्थराज प्रयाग की तरह पुण्य की प्राप्ति होती है। नदी में बैराज बने होने के कारण अगाध जल भरा हुआ है जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। महानदी के त्रिवेणी



महानदी के तट पर पहुंचे श्रद्धालु।

संगम में नौकायन की अच्छी व्यवस्था है। बड़े-बड़े नाव आपके भ्रमण के लिए उपलब्ध हैं। नदी के दक्षिण तट पर शिवरीनारायण का अमेजॉन नाम का स्थान है जो पर्यटकों को काफी लुभाता है, जितने भी श्रद्धालु भक्तगण मठ महोत्सव में पहुंचे उन्होंने प्रायः इस स्थान का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त किया। वहीं शिवरीनारायण से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर खरौद नगर में लक्ष्मणेश्वर महादेव का मंदिर है। मान्यता है कि इनकी स्थापना भगवान लक्ष्मण ने की थी, यहां दर्शन लाभ अवश्य करें। उनके दर्शन से शिवरीनारायण दर्शन का संपूर्ण फल प्राप्त होता है। शिवरीनारायण मंदिरों का नगर है यहां अनेक प्राचीन से अति प्राचीन मंदिर दर्शनीय है।

---

## डीईओ ने 15 दिसंबर तक अपार आईडी पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

डीईओ ने विकासखंड नवागढ़ के अशासकीय स्कूलों का बैठक लिया। बैठक में उन्होंने 15 दिसंबर तक विद्यार्थियों के अपार आई.डी. पूर्ण करने निर्देश दिये ।

जनपद पंचायत नवागढ़ के सभाकक्ष में मंगलवार 2 दिसंबर को जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर अशोक सिन्हा द्वारा विकासखंड नवागढ़ के सभी अशासकीय स्कूलों की समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें कक्षा 10वी, 12वी की परीक्षाफल को सुधारने निर्देश दिये गये कमजोर बच्चों को चिन्हांकन कर स्तर में सुधार लाने निर्देश दिये गये। यू-डाइस डाटा अंतर्गत बेसिक प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल और



बैठक में उपस्थित संस्था प्रमुखों को निर्देश देते जिला शिक्षा अधिकारी।

स्टुडेंट एंट्री कार्य त्रुटिरहित पूर्ण करने, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का स्कॅनिग व वितरण टीबीसी ऐप में शत प्रतिशत पूरा करने, कक्षा 1ली से 8 वीं तक के विद्यार्थियों के परीक्षाफल में तिमाही, अर्थवार्षिक, वार्षिक में अधिभार दिये जाने की जानकारी पालको एव विद्यार्थियों को देने तथा सभी विद्यार्थियों के अपार आई.डी. 15 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में बी.ई.ओ. तरुण कुमार साहू, एबीईओ इन्द्रमणी सिंह, बीआरसी श्रीमती रिषीकांता राठौर, डीईओ ऑफिस से खेल अधिकारी प्रेमलाल पाण्डेय, एबीईओ पुष्पा कोरी तथा सभी अशासकीय विद्यालय के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

---

हनुमान मंदिर प्रांगण में विलक्षण दार्शनिक प्रवचन सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

# आनंद इन्द्रियों का नहीं वह आत्मा का है विषय : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित 21 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के तृतीय दिवस मंगलवार 2 दिसंबर को स्वामी युगल शरण ने कहा कि प्रत्येक जीव नास्तिक है। जीव के प्रतिपल आनंद चाहने पर भी अभी तक आनंद नहीं मिला क्योंकि उसने गलत दिशा पकड़ ली। जीवात्मा ने अपने आपको भुला दिया कि मैं कौन हूँ? मैं आत्मा हूँ, यह हम भूल गये। हमने अपने आपको देह मान लिया। जब हमने अपने आपको देह माना, तो फिर देह को ही सुख देने का लक्ष्य बना लिया।

उन्होने कहा कि आनंद इन्द्रियों का विषय नहीं है, वह आत्मा का विषय है। देह को सामान देने से आत्मा को सुख या आनंद नहीं मिलता। जीव को भगवान का अंश क्यों कहा जाता है। भगवान का प्रमुख शक्तियां स्वरूप शक्ति, जीव शक्ति, माया शक्ति है। जीव भगवान का जीवशक्ति विशिष्ट ब्रह्म श्रीकृष्ण का अंश है। शक्ति होने के कारण उसको अंश कहा जाता है। जीव को नास्तिक क्यों कहा



श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते युगल शरण।

गया है? प्रत्येक जीव आनंद चाहता है और आनंद भगवान की पर्यायवाची है। इसलिए प्रत्येक जीव आस्तिक है। अनंत कोटि कल्प तक प्रयत्न करने पर भी कोई आस्तिक नहीं हो सकता। विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है। भगवान को बिना जाने, सूक्ष्म रूप से अनुभव किए बिना कोई अनजाने में ही किसी को प्यार नहीं कर सकता, भगवान को पुकार नहीं सकता। जब हम भगवान को जानेंगे, तभी मानेंगे , तभी प्यार होगा, तभी विश्वास होगा। चूंकि हमने अभी तक भगवान को जाना ही नहीं है, हमारी माया निवृत्ति नहीं हुई हैं इसलिए हम सब नास्तिक हैं। युगल शरण ने कहा कि रामायण कहती है जिसको राम मीठे लगेंगे, जिसने राम रस पग लिया, फिर उसको अन्य रस फीका लगेगा। राम रस चखने के पश्चात फिर अन्य रसों में रुचि हो नहीं सकती। अभी तो हमारी अन्य रसों में रुचि है। अभी राम रस कहां अच्छा लगता है, अब तो संसार का रस अच्छे लगते हैं। भगवान का रस कहां अच्छा लगता है। शवयात्रा के समय 'राम नाम सत्य हैं' बोलते हैं, लेकिन वापस आते समय इसको बोलना लोग अशुभ-अमंगल मानते हैं । यह क्या आस्तिकता है! ये तो अक्षरशः सही बात है कि राम का नाम सत्य है। फिर इसको बोलना अमंगलकारी बात कैसे हो गई ? क्या आश्चर्य की बात है। बैकुण्ठ देने वाले तो राम नाम है, फिर उनका नाम अमंगल कैसे हो गया, यह अपने राम के प्रति हमारी आस्तिकता है। भगवान का क्या अर्थ है-जो षड् ऐश्वर्यों से युक्त हैं, वे भगवान हैं। उनके पास 8 गुण हैं। भगवान को जानेंगे, मानेंगे तब विश्वास होगा। विश्वास होने से प्रेम होगा। विश्वास की उत्पत्ति के लिए भगवान को जानना ही पड़ेगा।

